Gen/2025/940

न्यायालय उपखण्ड अधिकारी एवं उपखण्ड मजिस्ट्रेट, धोद जिला – सीकर

बंसी देवी .... बनाम .... तहसीलदार

किस्म मुकदमा .... प्रा.पत्र अ.धा. 136 एलआर एक्ट .... मु.नं. 502 वर्ष 2025

दिनांक	आज्ञा - पत्र	
31/10/25	प्रार्थीया बसी देवी पत्नी हनमान राम जाति जाट निवासी ग्राम सुजानपुरा तहसील धोद जिला सीकर द्वारा प्रस्तुत आवेदन बाबत राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज नाम को दुरुस्त करने के अनुसार वाके ग्राम सुजानपुरा पटवार हल्का मोरडूंगा तहसील धोद जिला सीकर के खाता सं. (नया) 96 के वर्तमान राजस्व रिकॉर्ड जमाबंदी में प्रार्थीया के नाम की प्रविष्टि बंशीदेवी पत्नी हणमान दर्ज है, जो कि अशुद्ध है। जबकि प्रार्थीया के नाम की सही प्रविष्टि बंसी देवी पत्नी हनमान राम है। प्रार्थीया के नाम से बने दस्तावेजात की प्रतियों में प्रार्थीया के नाम की प्रविष्टि बंसी देवी पत्नी हनमान राम अंकित है, जो कि सही है। अतः उक्त वर्णित वर्तमान राजस्व रिकॉर्ड जमाबंदी में प्रार्थीया के नाम की प्रविष्टि बंशीदेवी पत्नी हणमान के स्थान पर बंसी देवी पत्नी हनमान राम दुरूस्त किया जावें। प्रकरण में प्रार्थीया के अनुतोष के संबंध में तहसीलदार, धोद के पत्रांकः भू.अ./2025/196 दिनांक 11.10.2025 के द्वारा दुरूस्ती संबंधी रिपोर्ट मय संलग्न दस्तावेजात प्राप्त हुई। उक्त रिपोर्ट मय संलग्न दस्तावेजात आदि का अवलोकन किया। उक्त रिपोर्ट मुताबिक प्रार्थीया के अनुतोष के अनुसार सही है। प्रार्थना–पत्र अ.धा. 136 एल आर एक्ट के तहत दर्ज रजिस्टर किया जावें। अतः प्रार्थीया का आवेदन तहसीलदार, धोद की उक्त रिपोर्ट के आधार पर स्वीकार किया जाकर वाके ग्राम सुजानपुरा पटवार हल्का मोरडूंगा तहसील धोद जिला सीकर के खाता सं. (नया) 96 के वर्तमान राजस्व रिकॉर्ड जमाबंदी में प्रार्थीया के नाम की प्रविष्टि बंशीदेवी पत्नी हणमान के स्थान पर बंसी देवी पत्नी हनमान राम दुरूस्त किये जाने के आदेश दिये जाते है। पूर्व की प्रविष्टि से किसी तरह की सरकारी, गैर सरकारी बकाया एवं उत्तरदायित्व हो तो उसके निर्वहन एवं अदायगी के लिए संबंधित खातेदार/प्रार्थीया स्वयं जिम्मेदार होंगे। तहसीलदार, धोद के पत्रांकः भू.अ./2025/196 दिनांक 11.10.2025 के द्वारा प्राप्त दुरूस्ती संबंधी रिपोर्ट आदेश का अभिन्न अंग रहेगी। पालनार्थ तहसीलदार, धोद को लिखा जावें। आदेश सुनाया गया। पत्रावली फैसल शुमार होकर बाद तकमील दाखिल दफ्तर हो। उपखण्ड अधिकारी धोद जिला सीकर उपखण्ड अधिकारी धोद जिला-सीकर	

Signature Not Verified

Digitally signed by Rahul Kumar Malhotra
Date: 2025.11.07 14:19:27 IST
Reason: SelfAttested